संघ लोक सेवा आयोग
मुख्य परीक्षा-2019
(सामान्य अध्ययन-III)
मॉडल पेपर-2

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 250**

1. वर्तमान में भारत जनांकिकीय लाभांश की स्थिति से गुज़र रहा है, लेकिन इसके साथ ही बेरोज़गारी की दर में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार द्वारा जनांकिकीय लाभांश का लाभ उठाने एवं बेरोज़गारी की समस्या का समाधान करने के लिये किये गए प्रयासों की समीक्षा कीजिये? (150 शब्द) 10
2. विमुद्रीकरण से आप क्या समझते हैं? विमुद्रीकरण के भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण कीजिये। (150 शब्द) 10
3. एक प्रभावी न्यूनतम मज़ूदरी नीति न केवल अल्प-संदत्त कामगारों (Low Paid Workers) के संरक्षण के लिये एक उपकरण है, वरन् एक अधिक लचीले एवं संधारणीय आर्थिक विकास हेतु एक समावेशी तंत्र के रूप में भी है। विश्लेषण करें? (150 शब्द) 10
4. सरकारी योजना की प्रभाविता की संवीक्षा और पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ प्रौद्योगिकी का उपयोग विशेष रूप से बेहतर परिणाम प्रदान कर सकता है। विश्लेषण कीजिये? (150 शब्द) 10
5. प्रो. चंद्र शेखर वेंकट रमन द्वारा किये गए 'रमन प्रभाव' के कार्य पर चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10
6. पर्यावरण अवक्रमण से आप क्या समझते हैं? पर्यावरण अवक्रमण के प्रमुख स्रोतों की चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10
7. जीवोम (Biome) से आप क्या समझते हैं? जलवायु तथा वनस्पतियों के आधार पर विश्व के प्रमुख बायोम की चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10
8. भारत में जैव-विविधता के प्रमुख हॉट-स्पॉट की चर्चा करते हुए इनके पर्यावरणीय महत्त्व को बताएं साथ ही इनके समक्ष मौजूद प्रमुख चुनोतियों को भी बताऐं। (150 शब्द) 10
9. किसी अर्थव्यवस्था में तीव्र आर्थिक विकास करने के लिये बुनियादी ढाँचे का विकास आवश्यक होता है। इस कथन के संदर्भ में किसी अर्थव्यवस्था में सुदृढ़ बुनियादी ढाँचे के महत्त्व को स्पष्ट कीजिये। (150 शब्द) 10
10. भारत की भौगोलिक परिस्थिति ही इसे अलग-अलग प्रकारों की आपदाओं के प्रति संवदेनशील बनाती है? वर्णन करें? (150 शब्द) 10
11. आपदा प्रबंधन किन सिद्धांतों पर आधारित होता है? सुनामी आपदा से बचाव हेतु भारत द्वारा किये गए प्रयासों का वर्णन करें? (250 शब्द) 15
12. आर्थिक संकट की अवधि में मनरेगा स्कीम के अंतर्गत समाज के कमज़ोर वर्गों यथा महिलाओं, अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के कार्यबल में वृद्धि हुई है। क्या वर्तमान में भारत में व्याप्त गरीबी एवं बेरोज़गारी की समस्या के समाधान के लिये मनरेगा स्कीम प्रासंगिक है? समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये। (250 शब्द) 15
13. वामपंथी उग्रवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के समक्ष एक गंभीर चुनौती है। इस समस्या हेतु उत्तरदायी कारणों की पहचान करें तथा इस समस्या के प्रतिकार हेतु अपनाई जाने वाली सरकारी रणनीति की चर्चा करें। (250 शब्द) 15
14. बाह्य राज्य एवं राज्येतर कर्त्ताओं ने भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिये क्या चुनौतियाँ प्रस्तुत की हैं? इन चुनौतियों के समाधान हेतु सरकार क्या प्रयास कर रही है? (250 शब्द) 15
15. साइबर जगत् अवसरों का स्रोत है, लेकिन साइबर सुरक्षा एक मुख्य चुनौती है। भारत के लिये साइबर सुरक्षा चुनौतियाँ क्या हैं? देश की इनसे निपटने की तैयारी भी स्पष्ट कीजिये। (250 शब्द) 15
16. संक्षिप्त टिप्पणी कीजिये- (a) लेसिक आई सर्जरी, (b) लिगो (LIGO) परियोजना, (c) मेसर (MASER) तथा (d) होलोग्राफी। (250 शब्द) 15
17. कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोगों की चर्चा करते हुए इससे होने वाली हानियों के बारे में बताएँ। (250 शब्द) 15
18. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय के पक्ष एवं विपक्ष में तर्क प्रस्तुत कीजिये। क्या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का विलय गैर-निष्पादकारी परिसंपत्तियों (NPA) की समस्या का समाधान करने में सहायक होगा? विश्लेषण करें? (250 शब्द) 15
19. जल वृष्टि पोषित नदी (Run of the River) जलविद्युत परियोजना से आप क्या समझते हैं? यह किस प्रकार अन्य जलविद्युत परियोजनाओं से भिन्न होती है? (250 शब्द) 15
20. क्रिप्टो करेंसी क्या हैं? इनसे संबंधित जोखिमों पर प्रकाश डालते हुए उनके गुणों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये। (250 शब्द) 15